# नगर आयुक्त ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**शाहजहांपुर (विधान केसरी)।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा 15.07.2021 को नगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा कराये जा रहें निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र के गर्रा राजघाट पुलिस चौकी के सामने कराये जा रहें मार्ग चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा मार्ग के चौड़ीकरण में किये जा रहें कार्यो की जानकारी प्राप्त की गई व संबन्धित को निर्देशित किया गया कि मार्ग चौड़ीकरण में लोगों द्वारा अवैध रुप से कर रखे अतिक्रमण को हटाया जायें व कार्य को ससमय पूर्ण करा दिया जायें, जिससे आवागमन सुचारु रुप से चल सकें। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा बरेली मोड़ से रौजा रोड की तरफ बन रहें नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा बरेली मोड़ से रौजा रोड की तरफ बने रहें नाले के निर्माण कार्य में धीमी गति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा नाले के निर्माण कार्य में तेज गति लाये जाने व निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा अजीजगंज से पोस्टमार्टम हाउस की ओर जाने वाले रोड को पानी के कटान से बचाये जाने हेतु चल रहें निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा पाया गया कि रोड को पानी के कटान से बचाये जाने हेतु रोड के किनारे-किनारे बाउन्ड्री बॉल बनाये जाने का कार्य प्रगति पर है। साथ ही नगर आयुक्त द्वारा कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।